ZES's Zeal College of Engineering & Research
LIBRARY
803
ZCOER
Narhe, Pune-41.

झील कॉलेज के विद्यार्थियों को रेड हेट परीक्षा में मिली सफलता

पुणे, 31 जुलाई (आ.प्र.)

झील कॉलेज के इंफार्मेशन एंड टेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों को रेड हैट द्वारा ली गई अंतर्राष्ट्रीय दर्जे की परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है. इस परीक्षा में कॉलेज के दस विद्यार्थियों ने आरएचसीएसए परीक्षा उत्तीर्ण की. इसमें से छह विद्यार्थियों को 300 में से 300 अंक प्राप्त हुए. इन विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचा है.

इनमें से श्रीकृष्ण राजपुरोहित, करण चावला, औंकार संकपाल, जय अग्रवाल, अथर्व द्वंदे तथा औंकार पार्थ ने विशेष योग्यता हासिल की. इंफार्मेशन एंड टेक्नोलॉजी विभाग के रेड हेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण और परीक्षा का आयोजन किया गया था. इस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों में नौकरी मिलने के अवसर भी प्राप्त होंगे. भविष्य में ज्यादा से ज्यादा टेक्नोलॉजी का उपयोग करने के उद्देश्य से झील महाविद्यालय में झील रेड हैट सेंटर की स्थापना की गई है. इन विद्यार्थियों की सफलता के लिए संस्था के सचिव जयेश काटकर, कार्यकारी संचालक प्रदीप खांदवे, प्राचार्य अजीत काटे व विभाग प्रमुख डॉ. योगेश गुरव ने विद्यार्थियों का सम्मान किया. इन विद्यार्थियों का मार्गदर्शन प्रा.निहाल शिकलगार ने किया था.